हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 जून 2025

04 स्टील रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे ...



07 मप्र युवा कांग्रेस की चुनावी सरगर्मी हुई तेज...





## शेरपुरा में प्वाइंट 22 की रायफल से गोलियां दाग रहा आरोपी, 2 महिलाएं घायल

### दो दिन में आरोपी ने 50 राउंड से अधिक फायरिंग की, महिलाओं को निशाना बनाया, क्षेत्र में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर के शेरपुरा मोहल्ले में प्वाइंट 22 की रायफल से दो दिन से फायरिंग की जा रही है। अब तक करीब 50 राउंड फायरिग की जा चुकी हैं। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग घरों से निकलने में कांप रहे हैं की कहीं कोई गोली उन्हे निशाना न बना ले। सुबह 9.30 बजे मंदिर जा रही महिला सरोज कुशवाह के ऊपर गोली चलाई गई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मोहल्ला को छाबनी में बदल दिया। सीने में गोली धसी होने के चलते भोपाल रेफर किया। पुलिस ने ड्रोन, सीसीटीवी और दूरबीन से हमलावर तक पहुंचने का प्रयास किया। एक संदिग्ध हिरासत में आया है। जिसके पास से एक रायफल मिली है। लेकिन कोई पकड़ा नहीं गया।

◆ बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर किया भ्रमण, दूरबीन और ड्रोन से नजर रखने के बाद एक आरोपी हिरासत में आया। **प्वाइंट 22 की रायफल बरामद।**





विदिशा। फॉरेंसिक टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट और बुलेट के सैंपल जुटाए। मोहल्ले में कुछ घरों की दीवारों, शटरों और अन्य जगहों से भी छर्रे बरामद हुए हैं। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने कहा है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पूरे मोहल्ले में सुरक्षा बढ़ा दी है और मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

#### दूसरी महिला के बाजू के आरपार हुई गोली

दूसरी महिला पुष्पा पासी के ऊपर फायर किया गया। गोली उनके बाजू से आरपार निकल गई। स्थानीय निवासी राजू पासी ने बताया कि दो दिनों से फायरिंग की आवाजें आ रही हैं। करीब 50 राउंड फायर किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि घटना के बाद जब पुलिस मौके पर पुलिस तब भी फायर किए गए। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की और एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। रायफल की गोलियों से सौरभ किराना की बरनियां फूट गईं।

#### ड्रोन से भी चलाया सर्चिंग बदमाश पकड़ से दूर

सूचना मिलते ही एएसपी प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह सहित दोनों पुलिस थानों का बल शेरपुरा पहुंचा। बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर सर्चिंग अभियान चलाया गया। एक संदिग्ध को पकड़ा गया है। ठोस नतीजा नहीं मिलने के कारण पुलिस ने फिर से सर्चिंग अभियान में तेजी ला दी है। घनी आबादी में गोलियां कहां से चल रहीं हैं किसी को समझ नहीं आ रहा। फारेंसिंग एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे और बुलेट के सेंपल बरामद हुए हैं।

#### पुलिस के पहुंचने के बाद भी हुई फायरिंग

सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे और सीएसपी अतुल सिंह बल के साथ मौके पर पहुंचे। पूरे इलाके को घेर लिया गया। पुलिस के पहुंचने के बाद भी फायरिंग हुई। ड्रोन की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया। एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से रायफल और बुलेट बरामद हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### उदयगिरि गोशाला को राज्य स्तरीय सम्मान

**विदिशा।** दयोदय आचार्य श्री विद्यासागर गौ संवर्धन केंद्र उदयगिरि गौशाला को मप्र शासन द्वारा गौ संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य से सम्मानित किया गया है। बेतवा सभागार में आयोजित टीएल बैठक के दौरान जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा अध्यक्ष गौशाला के अध्यक्ष आकाश जैन को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाजसेवी पंकज हृदयमोहन जैन, संस्थापक संयोजक संजय भंडारी, सचिव निदेश जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, मणिधर जैन, रत्नेश जैन आदि उपस्थित रहे।

### उप निरीक्षक बने गौड़ एसपी ने लगाया स्टार

**विदिशा।** सहायक उप निरीक्षक जेपी गौड़ को उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर एसपी रोहित काशवानी एवं एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने स्टार लगाकर बधाई दी। मुख्य लिपिक सुनील वर्मा सहित स्टाफ के सभी सदस्यों ने श्री गौड़ को मिठाई खिलाई।

### 75 वर्ष प्राचीन रथयात्रा 27 को निकलेगी

**विदिशा।** लक्ष्मीनारायण मंदिर नंदवाना से भगवान जगदीश स्वामी की 75 वर्ष प्राचीन रथयात्रा 27 जून को निकाली जाएगी। मंदिर व्यवस्थापक पं. देवेन्द्र मनमोहन मुखिया ने बताया कि भगवान का अभिषेक, मंत्रोच्चार व विशेष आरती दोपहर 12 बजे होगी इसके बाद रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शाम 7 बजे मंदिर लौटेगी। इस अवसर पर 108 दीपकों से महाआरती तथा केसरिया भात का प्रसाद वितरण होगा।

### आपातकाल की बरसी पर कार्यक्रम आज होगा

**विदिशा।** आपातकाल की 50वीं बरसी पर आज भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आपातकाल में जिन्होंने यातनाएं सहीं, जेलों में बंद हुए शहीदों के घरों का जीवन तितर-बितर हो गए। उन सबको याद करने और जो वर्तमान में मौजूद लोकतंत्र रक्षक सेनानीयों का सम्मान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### डॉ. मिश्रा की आत्मकथा यादों की तीलियां का विमोचन 28 को

**विदिशा।** संस्कृत शिक्षक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. परमानंद मिश्रा की आत्मकथा यादों की तीलियां का विमोचन 28 जून को शाम 7 बजे राधिका होटल में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन रहेंगे। उरई उत्तरप्रदेश के डीवी डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर डॉ. पूरन सिंह निरंजन विशेष अतिथि रहेंगे। कृति पर चर्चा सुल्खान सिंह हाड़ा, डॉ. वनिता वाजपेयी व वीरेंद्र जैन करेंगे। संचालन आचार्य शिवकुमार तिवारी व आचार्य पुनीत कुमार संज्ञा करेंगे।

### प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं की भूमि से अतिक्रमण और कब्जा हटेगा

## कलेक्टर ने दिए आदेश: सरकारी स्कूलों की हरितक्रांति की जमीन से हटेगा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

तीन-चार दशक पहले हरित क्रांति योजना के तहत शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं को 205 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई थी। योजना का उद्देश्य स्कूलों को आत्मनिर्भर बनाना था, जिससे वे जमीन से आय अर्जित कर अपना संचालन कर सकें।

वर्तमान में 184 स्कूलों की आधे से ज्यादा जमीन पर ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है। स्कूल प्रशासन की कई बार की शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे स्कूल आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। सबसे खराब स्थिति लटेरी विकासखंड में है, जहां 45 स्कूलों में से 39 स्कूलों की 40 हेक्टेयर में से 35 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है। विदिशा विकासखंड में 33 स्कूलों में से 6 स्कूलों की 30 हेक्टेयर में से 4.8 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा है। सिरोंज में 4 में से 3 स्कूल, नटेरन में 6 में से 2 स्कूल, कुरवाई में 23 में से 11 स्कूल, ग्यारसपुर में 38 में से 13 स्कूल और गंजबासौदा में 35 में से 12 स्कूलों की जमीन पर अतिक्रमण है।

■ लटेरी में सरकारी स्कूलों की जमीन पर अधिक कब्जा।

#### कई जगह जमीन का नहीं हुआ है सीमांकन

योजना के तहत स्कूल प्रबंधन समिति इस जमीन को लीज पर देकर आय प्राप्त कर सकती थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। कई जगह जमीन का सीमांकन नहीं हुआ है। कुछ स्थानों पर आंगनबाड़ी केंद्र या स्कूल भवन बना दिए गए हैं, तो कहीं ग्रामीणों ने मकान बना लिए हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्कूलों को मिली हरित क्रांति की जमीन से सख्ती से अतिक्रमण हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं, ताकि उस जमीन का शासकीय उपयोग किया जा सके।

## जिले के 243 जर्जर स्कूल भवनों को ध्वस्त करने कार्रवाई शुरू, कई गिराए

### सूची में सबसे अधिक जर्जर स्कूल भवन विदिशा विकासखंड में मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के 243 जर्जर भवनों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग ने विकासखंडवार एक सूची जारी की है। सूची में ग्रामीण क्षेत्र के जर्जर स्कूल भवनों के नाम हैं जिन्हे गिराया जाना है। इनमें से कई स्कूल भवन ऐसे हैं जिनमें अभी भी कक्षाएं संचालित होती हैं। बारिश के दौरान इन स्कूल भवनों में कभी भी हादसे हो सकते हैं। कई स्कूल भवन इतने जर्जर हो चुके हैं कि तेज आंधी और तूफान में ही गिर जाएं। ऐसे भवनों को चिंन्हित कर ध्वस्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। शिक्षा विभाग से मिली



जानकारी के अनुसार बासौदा विकासखंड में कुल 28 जर्जर स्कूल हैं। वहीं ग्यारसपुर के 34 जर्जर स्कूल चिन्हित किए गए हैं। इसी तरह कुरवाई विकासखंड में 27 जर्जर स्कूल भवन हैं। लटेरी विकासखंड में 35 ऐसे जर्जर स्कूल भवन हैं जिन्हे गिराया जाएगा। इसी तरह नटेरन ब्लॉक के 18, सिरोंज तहसील के 28 जर्जर स्कूल भवन ध्वस्त किए जाएंगे। जर्जर स्कूल भवनों में विदिशा विकासखंड सबसे आगे हैं। यहां करीब 73 जर्जर स्कूल भवन हैं जिन्हे गिराया जाएगा। उक्त भवनों को नीलामी के माध्यम से ध्वस्त कराया जाएगा। कई स्कूल भवनों की जर्जर इमारतें गिरा दी गईं हैं।

## राशन विक्रेताओं को नहीं मिल रहा पूरा वेतन, कलेक्टर से की शिकायत

### कहा: सिरोंज में समिति रोक रही 3 हजार कमीशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा


सिरोंज क्षेत्र के 40 पीडीएस विक्रेताओं ने आज जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

विक्रेताओं का कहना है कि शासन ने अप्रैल 2025 से नया वेतन तय किया है। इसमें 13 हजार 121 रुपए मूल वेतन और 3 हजार रुपए का अतिरिक्त कमीशन मिलाकर कुल 16 हजार 121 रुपए मिलने चाहिए। लेकिन उन्हें केवल 13 हजार 121 रुपए ही दिए जा रहे हैं। सेल्समैन सुबोध जैन ने बताया कि सिरोंज में अभी भी पुराना वेतन मिल रहा है। मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में नई दर से भुगतान हो रहा है।

विक्रेता योगेंद्र चौहान के अनुसार सहकारी समिति और प्रबंधक जानबूझकर 3 हजार रुपए का कमीशन रोक रहे हैं। विक्रेताओं ने सवाल उठाया कि जब राज्य स्तर पर नई दरें लागू हो गई हैं, तो सिरोंज में पुराने वेतन पर क्यों रोका जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से पूरा वेतन दिलाने की मांग की है। कलेक्टर ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

### गांवों में नाच रहे मोर: बारिश शुरू होते ही मौसम सुहाना हो गया और खेतों के रास्ते पर मोर नाचते दिखाई दे रहे हैं





**विदिशा।** उदयगिरि रोड़ पर बेतवा के किनारे पुट्ठा मिल क्षेत्र में मोरों की खासी संख्या है। यहां शाम होते ही नदी किनारे की खाली जमीन पर मोर नाचते हैं। इसी तरह लश्करपुर क्षेत्र में भी काफी संख्या में मोर हैं और खेतों पर जाने वाले रास्तों पर अक्सर यह मोर नृत्य करते हुए दिखाई देते हैं। बारिश में मौसम सुहाना होते ही मोर अपने पंख फैलाकर आकर्षण के लिए नृत्य करता है। यह दृश्य देखने में काफी सुंदर होता है।

### शिविर में किया पशुओं का टीकाकरण

**विदिशा।** धरती आबा अभियान जिले के जनजाति वर्ग के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्हें अपने गांव में ही अनेक मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति कराई जा रही हैं। इसके अलावा उनके द्वारा पाले जाने वाले पशुओं तक का भी इलाज व टीकाकरण का कार्य गांव में ही संभव हो रहा है। कलेक्टर अशुंल गुप्ता के द्वारा शिविरों की मानिटरिंग की जा रही है। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ एनके शुक्ला ने बताया कि बासौदा विकासखंड के ग्राम बत्तीसा में आयोजित विशेष शिविर में पशुधन संजीवनी एम्बुलेंस के माध्यम से ग्राम में पशुपालको को शासन की नवीन योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदको से आवेदन भरवाने की प्रक्रिया क्रियान्वित की गई है। वहीं मौके पर अनेक पशुओं का टीकाकरण का कार्य पशुपालकों की उपस्थिति में किया गया है।

### न्यायालय में संविदा भर्ती: पात्र अपात्र सूची वेबसाइट पर अपलोड

**विदिशा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल अंतर्गत रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर और कार्यालय सहायक के एक-एक पद हेतु टाइपिंग टेस्ट 5 जुलाई को जिला न्यायालय विदिशा में आयोजित होगा। वहीं, भृत्य पद के लिए साक्षात्कार 19 जुलाई को एडीआर सेंटर विदिशा में लिया जाएगा। पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची, परीक्षा तिथि व समय की जानकारी जिला न्यायालय विदिशा एवं मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### कैडेट्स को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** एसडीईआरएफ द्वारा मंगलवार को एसएटीआई कॉलेज के डॉ. कैलाश सत्यार्थी सभागार में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 250 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए तैयार करना था।शिविर में कैडेट्स को भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, वज्रपात, सर्पदंश और सड़क दुर्घटनाओं जैसी आपदाओं से निपटने के उपायों की जानकारी दी गई। प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, सर्च एंड रेस्क्यू, आपात संचार प्रणाली जैसे विषयों पर व्यावहारिक सत्रों का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा के समय आवश्यक कदमों का अभ्यास भी कराया गया।एसडीईआरएफ और होमगार्ड के विशेषज्ञों ने कैडेट्स को जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक कुमार जैन ने एनसीसी कैडेट्स को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि आपदा के समय वे बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। समापन पर कर्नल विकास गुप्ता ने एसडीईआरएफ टीम का आभार जताते हुए प्रशिक्षण को उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

## मानौरा रथयात्रा और मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिपं अध्यक्ष कर रहीं प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिले की ऐतिहासिक धार्मिक नगरी जगदीशपुरी मानौरा में 27 जून को भगवान जगदीश स्वामी की वार्षिक रथयात्रा एवं मेले का आयोजन परंपरानुसार धूमधाम से होगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन हेतु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति गीता कैलाश रघुवंशी लगातार सक्रिय हैं।

उन्होंने परियोजना अधिकारी शहरी विकास को निर्देशित किया है कि पेयजल के लिए टैंकरों की व्यवस्था एवं स्वचालित शौचालय उपलब्ध कराए जाएं। इस निर्देश के पालन में संबंधित नगरपालिकाओं को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। श्रीमति रघुवंशी ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक और सामाजिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मेरा छोटा सा प्रयास है। बाकी प्रभु जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों की व्यवस्था करते हैं। हम तो केवल निमित्त हैं। उन्होंने भावुकता से कहा। उन्होंने बताया कि उड़ीसा के जगन्नाथपुरी के बाद विदिशा जिले का मानौरा वह स्थल है जहां श्रद्धालु प्रभु के दर्शन का सौभाग्य पाते हैं, जो समूचे जिले के लिए गौरव की बात है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रशासनिक और सामाजिक समन्वय से कार्य लगातार जारी है। उल्लेखनीय है की मानोरा रथ यात्रा के दौरान भगवान के दर्शनों के लिए दूर-दूर से लोग प्रतिवर्ष यहां पहुंचते हैं और हर साल यहां मेले का भी आयोजन किया जाता है, लेकिन बारिश के कारण परेशानी होती है।

### समिति में विभागों और विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया

## जिला गंगा समिति गठित, नदी संरक्षण को मिलेगी गति बेतवा में प्रदूषित रोकने कार्य योजना तैयार करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर एक अहम पहल के तहत जिला गंगा समिति का गठन किया गया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में गठित इस समिति में विभिन्न विभागों और विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया है। समिति के संयोजक वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने बताया कि यह गठन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) के दिशा-निर्देशों के तहत किया गया है। समिति में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला पंचायत





विदिशा। बैठक के दौरान कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर।

सीईओ, जिला कृषि एवं उद्यानिकी अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, और नगरीय प्रशासन के अधीक्षण यंत्री को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा तीन विशिष्ट सदस्यों को नामांकित किया गया है, जिनमें नदी संरक्षण कार्यकर्ता अतुल शाह, पर्यावरणविद् डॉ. मनोज दातार, तथा स्थानीय उद्योग संघ के प्रतिनिधि राजेश जैन सम्मिलित हैं। बैठक में समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी तय की गई। कलेक्टर ने विशेष रूप से नदी उद्गम स्थलों के संरक्षण, नदी प्रवाह की निरंतरता बनाए रखने, तथा बेतवा नदी में प्रदूषित जल की रोकथाम के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका और जिला पंचायत अधिकारियों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिए।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**विदिशा।** जिले के कालापाठा में नवनिर्मित मजिस्ट्रेट कॉलोनी परिसर में मंगलवार पौधरोपण किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन, विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर के अलावा वन मण्डलाधिकारी हेमंत यादव सहित अन्य अधिकारियों ने पौधेरोपण में सहभागिता निभाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री तोमर ने बताया कि जज एन्क्लेव में वन विभाग के समन्वय से एवं जल गंगा संवर्धन अभियान तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2648
उच्चतम भाव- 3500
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2725
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2420
उच्चतम भाव-2479
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5660
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3600
धान
न्यूनतम भाव-1675
उच्चतम भाव-3800
मसूर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6700
सरसों
न्यूनतम भाव-4440
उच्चतम भाव-7200
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2260
उच्चतम भाव-4760
धनिया
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6130
ज्वार
न्यूनतम भाव-2910
उच्चतम भाव-3300

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 6302 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### शुभम तीसरी बार जिला संयोजक बने



**गंजबासौदा।** अभाविप मध्यभारत प्रांत का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग सीहोर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के प्रखर युवा छात्र नेता शुभम सिंह ठाकुर को लगातार तीसरी बार जिला संयोजक नियुक्त किया गया। शुभम छात्र हितों की आवाज़ बुलंद करने वाले एक समर्पित कार्यकर्ता हैं। इससे पूर्व वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में स्कूल अध्यक्ष, नगर मंत्री, नगर उपाध्यक्ष तथा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। नियुक्ति पर सभी कार्यकर्ताओं व मित्रों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 2 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




न्यायाधीश द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ छेडछाड करने के आरोपी को 2 साल सजा और 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश असैया ने बताया कि न्यायालय अनुराग द्विवेदी प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गजबासौदा, द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पाक्सो बासौदा ने अपने निर्णय दिनांक 23/06/22 में आरोपी को 2 साल सजा और 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला इस प्रकार है कि दिनांक 13/11/23 को अभियोक्त्री के द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शाम के समय दुकान से चाउमीन लेकर घर वापिस जा रही थी। तभी रास्ते में अभियुक्त मिला पीछे से आया व उससे कहने लगा कि उससे बात करनी है। अभियोक्त्री ने बात करने से मना किया तो अभियुक्त ने उसके साथ गाली गलौंज करते हुए छेडछाड कर मारपीट कर दी। अभियोक्त्री की मां ने बीच बचाव किया तो वह उसकी मां को धक्का देकर भाग गया। जाते जाते अभियुक्त ने जान से मारने की धमकी दी। अभियोक्त्री की सूचना पर से पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक प्रतिभा सिंह द्वारा की गई। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन कराये गये व अन्य साक्षीगणों के द्वारा भी पीड़िता के कथनों का समर्थन किया गया। अभियोजन के तर्क से सहमत होते हुए अभियुक्त को 2 साल की सजा 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दडित किया गया। प्रकरण के निराकरण हेतु रितेश तिवारी ने सहयोग प्रदान किया।

## भक्तों के सहयोग से तैयार हुआ स्टील का आकर्षक रथ

# स्टील रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे जगन्नाथ स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम पर विराजमान महाप्रभु जगन्नाथ भगवान इस बार रथ यात्रा के मौके पर स्टील से बने नए रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रथ यात्रा के दौरान पुराने रथ की ऊंचाई कम होने के कारण श्रद्धालुओं को महाप्रभु के दर्शन नहीं हो पाते थे, इसलिए स्टील का बड़ा रथ तैयार कराया गया है जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में आसानी से बलभद्र और बहन सुभद्रा और महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन पूरे समय हो सकें। भक्तों के सहयोग से स्टील के रथ को नगर में ही तैयार कराया गया है। जगदीश रथ यात्रा की तारीख नजदीक आते ही तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। नगर में तीन रथ यात्राएं निकाली जाएगीं। नगर में रथ यात्रा का आयोजन 27 जून को किया जाएगा। वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम पर पिछले वर्ष धूमधाम से महाप्रभु जगन्नाथ के नवीन विग्रह प्रतिष्ठित हुए हैं। जिन्हें भक्तों द्वारा 1200 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए जगन्नाथपुरी से नगर में लाया गया था। नए विग्रहों के लिए पुराना रथ छोटा पड़ रहा था इसलिए स्टील से बना नया रथ तैयार कराया गया है जिसकी ऊंचाई इतनी रखी गई है जिससे श्रद्धालुओं को आसानी से महाप्रभु के दर्शन हो सकें। रथ में स्टील की नक्काशी कराई गई है वही बलभद्र, बहन सुभद्रा और महाप्रभु जगन्नाथ को विराजमान करने के लिए अलग-अलग सिंहासन बनाए गए हैं। लोहे से बने हुए पुराने रथ की अपेक्षा स्टील से बना यह रथ आकर्षक बनाया गया है। नौलखी के श्रीमहंत राम मनोहरदास महाराज ने बताया कि पिछले वर्ष रथ यात्रा के समय भक्तों ने बताया था कि पुराना रथ नए विग्रहों के अनुसार नहीं है और भगवान के नए विग्रह के दर्शन आसानी से नहीं हो रहे हैं रथ छोटा पड़ रहा है। इसलिए नया रथ तैयार करने की आवश्यकता महसूस हुई। स्टील से नया रथ भक्तों के सहयोग से तैयार हुआ है। रथ यात्रा के समय अब आसानी से छत पर से और सड़क पर भीड़ में भी हर किसी को महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन आसानी से होंगे।

# गुजरात, पंजाब उप चुनाव में जीत का मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आम आदमी पार्टी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र केवट ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुजरात के उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के गोपाल इटालिया 17581 वोटो से जीते एवं दूसरी ओर पंजाब के लुधियाना में संजीव अरोड़ा ने 10637 वोटों से जीत दर्ज की है। इस जीत पर आम आदमी पार्टी विधानसभा गंज बासौदा की ओर से शुभकामनाएं दी गई। देवेन्द्र केवट ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी आने वाले सभी चुनाव पूरे देश में सभी सीटों पर पूरी मजबूती से लड़ेगी, आम आदमी पार्टी आम जनता के मुद्दों पर काम करती है जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और रोजगार। गुजरात और पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा किया है। पार्टी उनके भरोसे को हमेशा कायम रखेगी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदोरिया, राजेश तामेश्वरी, ठाकुर सिंह रघुवंशी, अजीत कुमार जैन सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध संचालित दवाखाने को अधिकारियों ने किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अंबा नगर चौराहे पर अवैध रूप से चल रहे दवा खाने की जांच करने पहुंचे अधिकारियों को झोलाछाप डॉक्टर चकमा देकर भाग गया। बीएमओ डॉ. प्रमेंद्र तिवारी को शिकायत मिली थी कि एक बंगाली व्यक्ति बिना रजिस्ट्रेशन के एलोपैथिक दवाएं दे रहा है। जिसको लेकर अतिरिक्त तहसीलदार सविता पटेल, नायब तहसीलदार अनुराग रावत, पटवारी सचिन बघेल, चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष राव, फार्मासिस्ट रामबाबू और अंबा नगर चौकी प्रभारी की जांच टीम मौके पर पहुंची। टीम के पहुंचते ही वहां मौजूद व्यक्ति ने कहा कि वह असली डॉक्टर को बुलाकर लाता है। यह कहकर वह भाग गया। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा तो टीम ने वहां मौजूद मरीज से पूछताछ की। मरीज ने बताया कि जो भागा, वही डॉक्टर है और वही इलाज कर रहा था। उस समय दो मरीजों को वॉटल लगाई जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पहले भी जांच टीम इसी दवाखाने पर पहुंची थी। तब भी डॉक्टर शटर बंद कर भाग गया था। इस बार भी उसके न आने पर टीम ने क्लिनिक को सील कर दिया। बीएमओ डॉ. प्रमेंद्र तिवारी ने बताया कि यदि डॉक्टर मौके पर मिल जाता तो पंचनामा बनाकर रजिस्ट्रेशन और डिग्री प्रस्तुत करने का नोटिस दिया जाता। लेकिन मौके से भागने के कारण दवाखाना सील करना पड़ा।

## ग्राम रोजरु की गली का वर्षों के बाद भी नहीं हुआ सीसीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम रोजरु में पिछले 8-10 साल से आरसीसी मार्ग का कार्य नहीं हो पाया है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बारिश के मौसम में कीचड़ से होकर पैदल निकलने को मजबूर हैं। सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग, स्कूली बच्चे और महिलाओं को हो रही है। विवाद के कारण मुख्य गली कई वर्षों से ऐसी पड़ी है। सरपंच प्रतिनिधि रफीक बैग का कहना है कि पिछले 6 महीनों से पूरा सामान रखा हुआ है। लेकिन विभाग द्वारा इसका काम नहीं किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पटवारी से भी की गई है। जैसे ही तेज बारिश होगी वैसे ही इस गली से आवागमन बंद हो जाऐगा। ग्रामवासियों ने शीघ्र गली में सीसीकरण किए जाने की मांग की है।

## स्थानांतरण पर फूल मालाओं से स्वागत कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर पालिका परिषद द्वारा एक सादे समारोह के दौरान स्वच्छता अधिकारी जावेद खान के मंडीदीप स्थानांतरण पर उन्हें फूल मलाई पहनाकर विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कहा नगर की स्वच्छता के लिए जावेद खान ने पूरी मेहनत और लगन के साथ काम किया उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। वहीं पार्षद मनीष विश्वकर्मा ने कहा कि जब भी सफाई को लेकर जावेद खान को कोई सूचना दी जाती थी तो उनके द्वारा तुरंत सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाती थी। पार्षद रिचा संजय भावसार ने कहा कि अच्छे कर्मचारियों के स्थानांतरण से दुख पहुंचता है। इस मौके पर सभी ने उन्हें फूल मलाई पहनाकर शाल श्रीफल भेंट किया और उन्हें सम्मानित करते हुए विदाई दी। अपने उद्बोधन में जावेद खान ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित समस्त पार्षदों ने नगर विकास और स्वच्छता के लिए भरपूर सहयोग किया मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। कार्यक्रम में सीएमओ रवि श्रीवास्तव, पार्षद नीलू चौबे, सरदार अहिरवार, मूलचंद अहिरवार, धर्मेंद्र कुशवाहा, संजय भावसार के अलावा बड़ी संख्या में सफाई कामगार, नपा कर्मी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर रज्जू भाई को भी पुष्पहार पहनाकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं गईं।

### झींगुरों से परेशानी

**गंजबासौदा।** इन दिनों इलाके भर में झिंगुरों का आतंक फैला हुआ है। शाम होते ही जैसे ही लाइट चालू होती है। सैकड़ों की संख्या में घरों, आफिस, दुकानों में एकत्रित हो जाते हैं।

## सहरिया जनजाति वर्ग के नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रहा धरती आबा अभियान



**गंजबासौदा।** धरती आबा अभियान अंतर्गत आज ग्राम मढ़िया पोनिया गांव में आयोजित शिविर में आवेदक सुनील सहरिया को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। इस अभियान के माध्यम से मढ़िया पोनिया गांव के रहने वाले सहरिया जनजाति वर्ग के आवेदक सुनील सहरिया को जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए यहां वहां भटकना नहीं पड़ा। शिविर के माध्यम से सीधे उन्होंने अपना जाति प्रमाण पत्र बनवा लिया है। जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से अब वह शासन की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे और उन्हें योजनाओं को लाभ लेने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी उत्पन्न नहीं होगी। धरती आबा अभियान के तहत संपादित किए जा रहे कार्यों और शिविरों के माध्यम से जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए हितग्राही सुनील सहरिया ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है। हितग्राही सुनील सहरिया कहते हैं कि जनजाति वर्ग के नागरिकों के उत्थान के लिए जिले में क्रियान्वित धरती आबा अभियान वरदान साबित हो रहा है। इस अभियान के माध्यम से वह और जनजातीय वर्ग के सभी नागरिक आवश्यक दस्तावेज तो बनवा ही रहे हैं साथ में दस्तावेजों के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जिसके लिए जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारी उनका सहयोग कर रहे हैं।

## प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया

# जितनी सत्यता, पवित्रता होगी उतनी वाणी में मिठास आएगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा ब्रह्माकुमारी की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 60 वां पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने मातेश्वरी की विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि मम्मा की वाणी इतनी सरल, मधुर और कशिश वाली होती थी, सुनने वालों के विचार ही बदल जाते थे। मम्मा में परखने की शक्ति और निर्णय करने की शक्ति बहुत तेज थी, वह परखकर प्यार देकर बच्चों को समर्पण करा देती थी। मम्मा का अलौकिक नाम राधे था बाबा का एक-एक शब्द बड़े प्यार से सुनती, समाती और उसे बहुत अच्छी तरह से स्पष्ट कर सबको सुनाती थी। उनको साक्षी होकर के देखने की इतनी अच्छी आदत थी जो कुछ भी हो जाए हलचल में नहीं आई सदा एक रस मुस्कुराता हुआ चेहरा रहता हम सबको भी सदा नथिंग न्यु का पाठ पढ़ाकर अचल अडोल बना देती। बाबा से मिला हुआ सुना रही हूं। स्वयं की धारणा में जो है वह सुना रही हूं, तभी वाणी में वह मधुरता, सच्चाई झलकती थी। जितनी हमारे में सत्यता, पवित्रता होगी उतनी वाणी में मिठास आयेगी। जरा भी अपवित्रता है, मन में किसी के लिए ग्लानि है तो वाणी कड़वी हो जाएगी। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि वह अपने जीवन काल में मन, वचन, कर्म की पक्की थी मातेश्वरी की स्थिति पर विचार किया जाए तो मालूम होता था कि उनका मन निर्विघ्न था। मातेश्वरी की अपनी वाणी में प्रायः कर्मों की गति पर प्रकाश डाला। वह कहती थी कि मनुष्य अपने कर्मों को श्रेष्ठ बनाने से ही महान बन सकता है। अतः कर्मों का संन्यास करने से तो वह श्रेष्ठ नहीं बन सकेगा। प्रायः सभी धर्म के लोग यह तो कहते हैं कि परमात्मा हमारा माता-पिता, बंधु, सखा, सदगुरु और सर्वस्व है परंतु जैसे वे लौकिक जीवन में इन संबंधों को व्यावहारिक रूप से निभाना जानते हैं वैसे पारमार्थिक दृष्टिकोण से परमात्मा के साथ अपने इन संबंधों को निभाना नहीं जानते। यही कारण है कि वे परमात्मा से मुक्ति, जीवन मुक्ति या सुख, शांति की निधि की प्राप्ति नहीं कर सकते। वे कहा करती की जन्म-जन्मांतर देह अभियान और विकारों वाला जीवन तो देख लिया शास्त्रों, तीर्थो, यात्राओं आदि का पुरुषार्थ करके देख लिया, आज जो हमारा हाल है क्या उससे यह स्पष्ट नहीं है कि इनमें हमें वह प्राप्ति नहीं हुई जो हम चाहते हैं, तब फिर सोचने की क्या बात है अब परमपिता परमात्मा केवल इतना ही तो कहते हैं कि इन विकारों को छोड़ो और इस रहे हुए जीवन की बाकी समय में पवित्र बनो ताकि मैं आपको ईश्वरीय वर्षा दूं। वह अति विशिष्ट रोल अदा करते हुए दूसरे रोल अदा करने चली गई।

# पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को मील रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. राजकुमार एलिया की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के जिलाध्यक्ष गणेशराम रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य एवं राजेश माहेश्वरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. राज करण वर्मा, अभिषेक जादौन, पिंकू जादौन द्वारा 124 मरीजों की आंखों की निःशुल्क जांच कर 27 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। 49 मरीजों को दवाईयों का वितरण किया गया। 19 व्यक्तियों को चश्मा वितरण एवं 29 मरीजों के चश्मा नंबर निकाले गए। उक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले द्वारा दी गई। इस मौके पर सुरेन्द्र भारद्वाज, हेमंत भण्डारी, विजय अरोरा का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकों का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

### मच्छर मार दवा के छिड़काव की मांग

**गंजबासौदा।** इन दिनों पाराशरी नदी किनारे की रहवासी बस्तियों एवं निचली बस्तियों में मच्छरों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से यहां के रहवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी शाम होते ही अपने घरों के दरवाजे, खिड़कियां बंद कर देते हैं। नगरवासियों ने नगरपालिका से मच्छरमार दवा के छिड़काव कराए जाने की मांग की है। जिससे निचली बस्तियों के रहवासियों को मच्छरों के प्रकोप से निजात मिल सके।

## युवा कांग्रेस नेता अतीक मंसूरी को युवाओं का मिल रहा भारी समर्थन

# मप्र युवा कांग्रेस की चुनावी सरगर्मी हुई तेज, 19 जुलाई तक पूरी होगी वोटिंग

**ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से चल रहे चुनाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेष स्तरीय संगठन के चुनाव को लेकर सरगर्मिया तेज हो गई है। वही पहली बार सिरोंज विधानसभा से युवा कांग्रेस नेता अतीक मंसूरी प्रदेष महा सचिव के लिए चुनाव मैदान में देखे जा रहें है। वह ग्राम ग्राम व शहर के वार्डो घूमकर युवाओ से समर्थन जुडा रहें है। साथ ही वह युवाओ को एक ही नारा देते हुए कह रहे है कि यदि में चुनाव जीतता हूं तो षिक्षा प्रणाली एंव जो युवा आर्थिक रूप के अभाव में षिक्षा से वंचित रह रहे है। उनके साथ में स्वंय खडा हूं और आने वाले समय में हर युवा को षिक्षा से जोडा जाएगा। साथ ही जो बेरोजगार युवा है उन्हे रोजगार दिलाने के लिए में पूरा प्रयास करूंगा। इसी के साथ समाज की मुख्य धारा से जोडकर विकास व समाज सुधार के कार्य के लिए आने वाले समय में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। जिसमें हमारे नेता राहुल गांधी के निर्देष व मार्गदर्षन में हम कार्य करेगें। वर्तमान में जो मुझे युवाओ का अपार समर्थन मिल रहा है। उसका पूरा शैर्य में हमारे नेता राहुल गांधी व प्रदेष अध्यक्ष जीतू पटवारी को देता हूं।



प्रदेश में युवा कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए सदस्यता लेने और मतदान की तारीख तय की जा चुकी है। प्रदेश में 20 जून की सुबह 9 बजे से मतदान और सदस्यता प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो कि 19 जुलाई की शाम तक चलेगी। इसमें वोटिंग के लिए जो फॉर्मूला तय किया गया है उसके मुताबिक 50 रुपए की सदस्यता फीस जमा कर सदस्य बनने के बाद यूथ कांग्रेस के छह पदों के लिए वोटिंग की जा सकती है। युवा कांग्रेस के जिन पदों के लिए वोटिंग की जाएगी उसमें ब्लाक अध्यक्ष,एसेंबली प्रेसिडेंट,जिला अध्यक्ष व जिला महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महासचिव के पद शामिल हैं। एक सदस्य छह वोट डालेगा और इसके बाद होने वाली मतगणना के आधार पर परिणाम सामने आएंगे।



### प्रदेश अध्यक्ष पद पर 19 प्रत्याशी मैदान में

युवा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं वहीं प्रदेश महासचिव पद के लिए 182 प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। चुनाव कार्य से संबद्ध पदाधिकारियों के अनुसार सदस्यता फीस 20 जून से 21 जुलाई को शाम पांच बजे तक स्वीकार की जाएगी। चुनाव के लिए मतदान 20 जून की सुबह 9 बजे से शुरू हो चुके है जो 19 जुलाई को शाम पांच बजे तक रहेगा। इसके पहले एमपी में युवा कांग्रेस के चुनावों के लिए नामांकनों की स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी की जा चुकी है। 19 उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकृत किए गए हैं। यह संपूर्ण प्रक्रिया विद आईवाईसी एप के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही है। जिसमें 18 से 35 वर्ष के युवा ऑन लाईन वोटिंग कर सकता है।

### प्रदेश के प्रबल दावेदारों में नाम शुमार

*मध्यप्रदेष इस समय युवा कांग्रेस के चुनाव चल रहे है और चुनावी सरगर्मी पूरे प्रदेष में बहुत ही तेजी से देखी जा रही है। तो वही शहर के युवा कांग्रेस नेता अतीक मंसूरी इस चुनावी प्रक्रिया में प्रदेष महा सचिव पद पर चुनाव लड रहें है। जिनको प्रदेष भर से युवाओ का अच्छा खासा समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। जिससे अतीक मंसूरी की दावेदारी प्रदेष में मजबूती के साथ मानी जा रही है। साथ ही अतीक मंसूरी शीर्ष नेतृत्व में एक अच्छी पकड रखते है। वह युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब व प्रदेष के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और विपिन बानखेडे के काफी खास माने जाते है।*

### कई पदों पर कार्य कर चुके मंसूरी

*युवा कांग्रेस नेता अतीक मंसूरी कांग्रेस के अनेको पदो पर कार्य कर चुके है। अतीक मंसूरी ने अपनी राजनीति की शुरूआत स्कूली छात्र जीवन से की। वह वर्ष 2010 से कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से जुडें और उन्होने सक्रिय रूप से राजनीति प्रारंभ की। साथ ही एनएसयूआई के ब्लॉक,जिला व प्रदेष सचिव,प्रदेष महासचिव पद पर उन्होने लगभग 12 वर्षो तक छात्र राजनीति कर छात्रो की आवाज को शासन प्रषासन तक पहुचाया। यदि वर्तमान समय में अतीक मंसूरी के बात कि जाए तो वह विगत 3 वर्षो से युवा कांग्रेस विधानसभा पद पर कार्यरत है। साथ ही 7 वर्षा तक उन्होने ग्राम पंचायत भौरिया के उपसरपंच प्रतिनिधित्व किया। वह वर्तमान समय में जनपद सदस्य के रूप में जनता की सेवा कर रहें। साथ ही प्रदेष भर में युवा कांग्रेस में उन्होने एक अच्छी पकड बना रखी है।*

## एत्मादपुर चौराहे पर फ्लाई ओवर निर्माण के लिए सांसद नवीन जैन ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख आगरा कानपुर हाइवे राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर एत्मादपुर चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण एवं यातायात प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम उठाने के सम्बन्ध में मांग उठाते हुए अपने सुझाव देते हुए कहा कि आगरा कानपुर हाइवे राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर आगरा फिरोजाबाद के बीच स्थित एत्मादपुर चौराहे पर व्याप्त गंभीर यातायात जाम की समस्या प्रस्तुत की है। उन्होने कहा कि इस समस्या के कारण स्थानीय निवासी, यात्रियों एवं व्यापारिक गतिविधियों पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही पर्यावरण की और ध्यान केंद्रित करते हुए पत्र में बताया कि इस चौराहे पर प्रतिदिन अत्यधिक संख्या में वाहनों का आवागमन होता है, जाम के कारण वाहनों की धीमी गति चलने से ईंधन की अधिक खपत के कारण प्रदूषण में भी वृद्धि हो रही है। इस समस्या के स्थावी समाधान के लिए फ्लाईओवर का निर्माण चौराहे पर निर्वाध यातायात प्रवाह बनाए रखने के लिए एक फ्लाइओवर का निर्माण आवश्यक है जिससे इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

## 142वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्रा. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं श्रीमती शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 142 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 जून दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बॉडी मास, मासपेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं।

## मुस्कान एवं कायाकल्प अवार्ड फंक्शन : 17 स्वास्थ्य संस्थानों को मिला अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

नरोन्हा अकादमी भोपाल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा एनक्यूएएस लक्ष्य, मुस्कान एवं कायाकल्प अवार्ड फंक्शन का आयोजन किया गया जिसमें सागर जिले की कुल 17 स्वास्थ्य संस्थानों को अवार्ड मिला जिसमें जिला चिकित्सालय सागर को एनक्यूएएस लक्ष्य मुस्कान के नेशनल सर्टिफिकेशन एवं काया कल्प के लिए अवार्ड मिला एवं सिविल अस्पताल खुरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाना एवं 10 सब हेल्थ सेंटर को एनक्यूएएस नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए अवार्ड से नवाजा गया। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं मिशन संचालक डॉक्टर सलोनी सीडाना द्वारा अवार्ड वितरित किया गया।





### आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक की हरिभूमि से विशेष चर्चा, भारतीय संस्कृति की विश्व में अलग पहचान

## मांस निर्यात में भारत तीसरे स्थान पर, हमारे मत की कीमतः हार्दिक हुंडिया

**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोषिएषन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुडिया ने हरिभूमि से विषेष चर्चा के दौरान कहा कि माँ भारत की पवित्र भूमि पर जन्म मिला ये हमारा सौभाग्य है। भारतीय संस्कृति की विश्व में एक अलग पहचान है।

भगवान राम, महावीर, कृष्ण, बुद्ध, इशू, पयगंबर, नानक जैसे कई महापुरुषों को मानने वाले इस देश में हमारा देश भारत मांस निर्यात में तीसरे स्थान पर है। हम सपने में भी नहीं सोच सकते की मेरे भारत की यह दशा है। ये बात कहते हुए वरिष्ठ समाजसेवी हार्दिक हुंडिया ने कहा कि हम सभी में देश की अनमोल संस्कृति का संचार हुआ है और वो देश में अबोल जीवों की हत्या में मेरा देश तीसरे स्थान पर है। जिस देश में भारत सरकार के उच्च स्थान पर नरेंद्र मोदी,अमित शाह,योगी आदित्य नाथ,राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी जैसे कई शुद्ध अहिंसा में मानने वाले नेता हो वो देश में अबोल जीवो की इतनी हत्या और भारत मांस एक्सपोर्ट में तीसरे स्थान पर क्यों। हार्दिक हुंडिया ने कहा की भारत देश पवित्र भूमि है, जहां कहा जाता है की कण कण में भगवान है। तो वही अब भारत देश अहिंसा का पुजारी है बन गया है। वही उन्होने देश के उन तमाम नेताओं से अपील कि जो भगवान राम के नाम देश की जनता से मत मांगते है तो भगवान राम के सिद्धांतों को भी पाले। कहा जाता है कि कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर हजारों लोगो की जान बचाने वाले भगवान श्री कृष्ण के इस भारत देश में अबोल जीवो की हत्या आखिर क्यों। हम कभी सोच भी नहीं सकते हमारे मतो से विजय प्राप्त करने वाले नेताओं अबोल जीवों की हत्या का विरोध क्यों नहीं कर सकते। जो अबोल जीवो की रक्षा करता है वो ही देश का भला कर सकता है।



## केदारनाथ, बद्रीनाथ, अमरनाथ की पैदल यात्रा पर निकले दीपक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

केदारनाथ, बद्रीनाथ और अमरनाथ की पैदल यात्रा पर निकले श्याम संकीर्तन परिवार के सदस्य दीपक विश्वकर्मा का नगर में स्वागत कर विदा किया गया।

वे 2500 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। यह यात्रा लगभग चार साल में पूरी होगी। दीपक विश्वकर्मा ने सुबह रामदेव बाबा मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर, बढ़ वाले हनुमान मंदिर और खाटू श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद यात्रा के लिए रवाना हुए। नगर सहित कई गांवों में उनका स्वागत किया गया।

रामदेव बाबा मंदिर पर पुजारी पंडित गौरी शंकर शर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र जैन, श्याम संकीर्तन परिवार के ईश्वरी भार्गव, राजेन्द्र धाकड़, जतिन धाकड़, परीक्षित शर्मा, रोहित साहू, मोहन नामदेव, सोनू कुशवाह, श्रवण भावसार, पार्षद दीपक मेहर, राज मोहन यादव, मनीष धाकड़, भगत राजपूत और रोहित शर्मा , भोलाराम शर्मा,सहित कई लोगों ने दीपक को विदाई दी।

### रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** आगामी 26 जून से प्रस्तावित भगवान जगदीश स्वामी जी की रथ यात्रा एवं मेले की तैयारियों का जायजा लेने हेतु एसपी रोहित काशवानी ने ग्राम मनोरा का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी श्री काशवानी ने मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए आयोजन को सुरक्षित व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु सुझाव एवं निर्देश दिए।

## नाम की रह गई चौकी, सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि पर बेखौफ हो रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कस्बा बागरोद

ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत बागरोद कस्बे और आसपास के गांवों में सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है। वन विभाग और वन विकास निगम द्वारा पूर्व में कराए गए वृक्षारोपण क्षेत्र भी अब खेतों में तब्दील हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार, सीमावर्ती किसानों समेत बाहरी लोगों ने सागौन, तेंदू और शीशम जैसे कीमती वृक्षों को काटकर भूमि पर कब्जा जमा लिया है और लाखों की फसलें उगा रहे हैं।




स्थानीय लोग बताते हैं कि पहले यहां मवेशी चराने की सुविधा थी, लेकिन अब बाड़बंदी कर उन्हें भी रोका जा रहा है। वहीं, विभाग द्वारा बनाई गई वन चौकी केवल नाम की रह गई है न कोई रक्षक तैनात है, न कोई निगरानी। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ कर्मचारी और चौकीदार अतिक्रमणकारियों से मिलीभगत कर कब्जों को बढ़ावा दे रहे हैं। विभाग की उदासीनता और मिलीभगत से नेशनल हाईवे किनारे की कीमती भूमि पर खुलेआम पंजा पाला जा रहा है।

### सागर जाते समय जीतू पटवारी का स्वागत किया

**ग्यारसपुर।** मंगलवार को मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का सागर प्रवास जाते समय ग्यारसपुर में जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल के निज निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन मजबूत करने को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा भी कीस्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत प्रीति शंकरदयाल शर्मा, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष , जीवन लाल शर्मा, पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह हैदरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजराज कुशवाह जनपद सदस्य ग्यारसपुर अनीश खान मंसूरी अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगन्नाथ अहिरवार , लखन सिंह लोधी,धीरज सिंह राजपूत , हरेंद्र यादव , रमेश यादव ,माजिद खान , महेंद्र सिंह राजपूत , हुकुम कुशवाहा, आकाश यादव, बाबू सिंह चौहान, लक्ष्मण प्रजापति आदि कांग्रेस परिवार जन मौजूद रहे।



### नाबालिग को सकुशल परिजनों को सौंपा गया

**विदिशा।** थाना कोतवाली क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग बालिका को ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालिका 21 जून की रात घर से बिना बताए चली गई थी, जिसकी सूचना परिजनों ने 22 जून को थाना कोतवाली में दर्ज कराई। तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संभावित ठिकानों पर तलाशी की और प्राप्त सूचना के आधार पर काछी मोहल्ला क्षेत्र से बालिका को बरामद किया।

### 90% से अधिक अंक लाने वाले छात्रों व पालकों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** स्थानीय संेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2024 25 में स्कूल में जिन विद्यार्थियों ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किए उनका उनके पालकों के साथ सम्मान किया गया। इस अवसर पर फादर सीजो ने अपने उद्बोधन ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है उनको सफलता को शिखर पर पहुंचाना चाहिए है न कि माथे पर चढ़ाना चाहिए अपनी सफलता में अपने माता-पिता अपने गुरु जन एवं जिन्होंने भी इसमें आपकी मदद की उनको हमेशा याद रखना है एवं उन्हें सम्मान देना है इसमें प्रिंसिपल सिस्टर थेरेसा,वाइस प्रिंसिपल अनिल वी एस सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मृगन्नाथ धाम मार्ग पर कीचड़ से वाहन फंसे, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

हैदरगढ़ से मृगन्नाथ धाम जाने वाले मुख्य मार्ग पर भारी कीचड़ और जलभराव से दोपहिया व चारपहिया वाहनों की आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य अधूरा छोड़कर ठेकेदार अपना सामान उठाकर चला गया है। नाले के पास डाली गई मुरम बारिश में कीचड़ में तब्दील हो गई है।



यह मार्ग पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत आता है, जिसके निर्माण हेतु क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी द्वारा राशि स्वीकृत की गई थी। वर्षों से लंबित इस सड़क की मांग ग्रामीणों की भूख हड़ताल व आंदोलनों के बाद पूरी हो सकी थी। बारिश के मौसम में मृगन्नाथ धाम स्थित झरना देखने दूर-दराज से पर्यटक आते हैं, वहीं पास ही संचालित गौशाला भी प्रभावित हो रही है। इस विषय में जब पीडब्ल्यूडी एसडीओ रवि चिडार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जहां भी कीचड़ की समस्या है, वहां मुरम डालकर मार्ग को सुगम बनाया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS VIDISHA BGI
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

website : general.kbtgroup.in
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149
E-Pravesh Code-P619
BA (Com+Plain)
B.Com (Com+Plain)
B.Sc (Com+Plain)
B.Lib (1 Years)
PGDCA (1 Years)
MSW (2 Years)
PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years)
B.ED. (2 Years)

## शिक्षकों में असंतोषः ऑनलाइन उपस्थिति की नई व्यवस्था पर उठे सवाल, जल्द हो सकता है प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा 1 जुलाई 2025 से ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत शिक्षक विद्यालय पहुंचने के बाद हर एक घंटे के अंतराल में पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे।

फिलहाल इसका ट्रायल चरण शुरू हो चुका है। हालांकि इस नई प्रणाली को लेकर शिक्षकों में खासा असंतोष देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के 50 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस व्यवस्था पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए इसे केवल शिक्षकों को निशाना बनाए जाने की कार्रवाई बताया। उनका कहना है कि यदि यह व्यवस्था पारदर्शिता और अनुशासन के लिए जरूरी है, तो इसे सभी शासकीय विभागों के कर्मचारियों पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।

### नेटवर्क और संसाधनों की कमी बनी बाधा

ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की खराब स्थिति और तकनीकी संसाधनों की कमी इस व्यवस्था के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी अड़चन के रूप में सामने आ रही है।

शिक्षकों ने बताया कि कई क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने से समय पर उपस्थिति दर्ज करना मुश्किल होगा। इसके अतिरिक्त, इस प्रणाली के लिए 5जी एंड्रॉयड फोन आवश्यक बताया गया है, जबकि अधिकांश शिक्षक अभी 4जी मोबाइल का उपयोग कर रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ उठाकर नया मोबाइल खरीदना पड़ेगा।

### संगठनों का भी समर्थन

राज्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बृज मोहन शर्मा और आजाद अध्यापक संघ के अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने भी शिक्षकों की चिंताओं का समर्थन करते हुए कहा कि यह व्यवस्था एकतरफा है। "जब शिक्षक पहले से ही जियो-टैग के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है, तो फिर बार-बार केवल शिक्षकों को ही टारगेट करना उचित नहीं है," उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस विषय को लेकर जल्द ही प्रदेश स्तर पर शिक्षक संगठनों द्वारा ठोस निर्णय लिया जाएगा और यदि आवश्यकता हुई तो विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद, जिला-विदिशा (म.प्र.)**

**प्रकरण क्रमांक: 0206/ अपील 2024-25**

रामस्वरूप पुत्र मुंशीलाल, नीतेश शर्मा पुत्र दीपक शर्मा -निवासी ग्राम भरनाखेडा ....................................अपीलांट

बनाम

प्रीतिबाई पुत्री आनंदीलाल, हिरदेश पुत्र हजारीलाल पाटीदार - निवासी ग्राम भरनाखेडा ..................................उत्तरवादीगण

-: सूचना हेतु विज्ञप्ति :-

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है, कि अपीलांट रामस्वरूप पुत्र मुंशीलाल, नीतेश शर्मा पुत्र दीपक शर्मा निवासी ग्राम भरनाखेडा के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0023/अ-3/1996-97 आदेश दिनांक 24.02.1997 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। अपील प्रकरण में आगामी तिथि दिनांक 26.06.2025 नियत है।

अत: आप नियत दिनांक को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24.06.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद**

## सही समय... वाटर रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं और बारिश का पानी बचाएं

# सामाजिक सरोकार : प्रकृति से मिलने वाली पानी की सौगात सहेजना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रकृति से मिलने वाले पानी के सौगात को अब सहेजने की बेहद जरूरत है। क्योंकि एक समय ऐसा भी आएगा जब लोगों को पानी सहेजने के लिए संघर्ष करना होगा। चारों तरफ पानी बचाओं, पानी की फिजूल खर्ची पर रोक लगाई जाए की बातें की जा रही हैं। फिर भी पानी का दोहन लगातार जारी है।

लोग रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के प्रति कम रुचि दिखाते हैं। यही वजह है कि नगर पालिका परिषद कार्यालय रायसेन से वर्ष 2022 से अभी तक सिर्फ 80 लोगों ने ही अपने मकानों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की परमीशन ली है। यह जानकारी नपा के इंजीनियर आशुतोष सिंह ने देते हुए बताया कि रैन वाटर रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने में इसके प्रति लोगों में कम ही दिलचस्पी रहती है।

### अधिकांश कॉलोनियों में सिस्टम नहीं लगे

पिछले 5 सालों में रायसेन, गैरतगंज सिलवानी, बेगमगंज, बाड़ी, बरेली मंडीदीप, उदयपुरा, देवरी, ओबेदुल्लागंज, सांची, गौहरगंज, सुल्तानपुर में लगभग 250 से ज्यादा नई विकसित कॉलोनियां और सैकड़ों व्यावसायिक भवन खड़े हो गए। इनमें से 90 प्रतिशत में न तो रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा है और न ही इसकी कोई योजना नजर आती है। चौंकाने वाली बात तो ये है कि नगर पालिका खुद नक्शा पास करते वक्त ऐसी व्यवस्था को ज़रूरी तो बताती है, लेकिन बाद में उसकी सुध कोई नहीं लेता।

हर साल आसमान से पानी बरसता है, धरती तर होती है।लेकिन कुछ ही महीनों में वही धरती प्यास से तपने लगती है। पिछले चार पांच माह से जिला जल संकट से जूझ रहा है। जल स्तर पाताल में जा रहा है। वजह है हम बारिश के इस अमूल्य जल को सहेज ही नहीं रहे।लेकिन धरती के जल स्तर को बनाए रखना है तो हमें इस बारिश में व्यर्थ बह जा रहे अमृत को सहेजना ही होगा। लेकिन हम अब भी नहीं जाग रहे, न लोग अपने घरों पर वाटर सिस्टम लगाने रुचि दिखा रहे न ही स्थानीय निकाय और प्रशासनिक जिम्मेदार इसको लेकर कुछ करते है।



### सरकारी इमारतों में भी लापरवाही...

सरकारी स्कूल, अस्पताल बिल्डिंग जनपद कार्यालय, थाना आदि इन सरकारी भवनों में भी जल संचयन की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। नगर पालिकाओं का अपना मुख्यालय भी इसमें शामिल है, जो दूसरों को जागरूक करने की जिम्मेदारी तो निभाता है, लेकिन कई जगह नपा परिषद के कार्यालयों पर ही सिस्टम नहीं है। पुराने शासकीय भवनों में ये सिस्टम लगाने किसी ने प्रयास ही नहीं किए। कुछ जगह लगाए भी गए वहां केवल दिखावा बनकर रह गए। हालांकि अब जो नई इमारतें बन रही, उनमें जरूर अनिवार्य कर दिया गया है।



### यहां जरूरी वॉटर रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम...

*मप्र भवन अनुज्ञा नियम के अनुसार 1500 वर्गफीट से अधिक निर्माण क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किया है। निकाय नक्शा तभी पास करेगी जब उसमें सिस्टम भी शामिल हो। इसके लिए संबंधित निर्माणकर्ता से अमानत राशि भी जमा करवाते है। जो निर्माण और रूफ टॉप लगने के बाद वापस कर दी जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, 1500 वर्गफीट छत से हर साल बारिश का लगभग 1.30 लाख लीटर पानी सहेजा जा सकता है। हालांकि सरकारी विभागों के प्रमुखों को शासन के नियमों का पालन करना चाहिए, देखने को आ रहा है कि इसमें उदासीनता ज्यादा दिखाई दे रही है।*

### प्रमुख शहरों की स्थिति

| शहर | आवेदन | सिस्टम |
|---|---|---|
| रायसेन | 240 | 80 |
| गैरतगंज | 48 | 05 |
| बेगमगंज | 150 | 20 |
| सिलवानी | 26 | 03 |
| बेगमगंज | 53 | 16 |
| बरेली | 76 | 18 |
| उदयपुरा | 57 | 17 |
| बाड़ी | 19 | 14 |
| सुल्तानपुर | 16 | 09 |
| मंडीदीप | 18 | 11 |
| कुल | 687 | 182 |

### इनका कहना है

भवन अनुज्ञा में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किया गया है। आधे से ज्यादा आंगनबाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग इस साल कर रहे हैं। सरकारी विभागों के प्रमुखों को हिदायत दी जाएगी बिल्डिंगों में रैन वाटर रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर लगवाएं। ताकि शासन की मंशा पूर्ण हो सके।

\- **मुकेश सिंह**, एसडीएम रायसेन

## कांग्रेस सृजन अभियान बैठक आयोजित

# कार्यकर्ताओं की पसंद का बनेगा कांग्रेस जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सृजन अभियान बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की मजबूती, नए चेहरों औऱ वरिष्ठ नेताओं को पद देकर सम्मानित किया जाएगा। कांग्रेस अपनी विचारधारा को लेकर खोई ताकत वापस लाएगी। अब कांग्रेस जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं की पसंद और भाजपा से लड़ने की ताकत रखने वाले नेता की सिर ताजपोशी करेगी। भाजपा की जनविरोधी, किसान विरोधी, दमनकारी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन भी करेगी।

संगठन सृजन अभियान के तहत ज़िले की भोजपुर विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सुल्तानपुर और बाड़ी में ज़मीनी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के केन्द्रीय पर्यवेक्षक व राजस्थान के विधायक धीरज गुर्जर, पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी मध्यप्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक पीसी शर्मा, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, परेश राय, कांग्रेस जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र पटेल ने संवाद किया।

### चुनावः ऑनलाइन वोटिंग व सदस्यता अभियान हुआ शुरू

*यूथ कांग्रेस चुनाव में ऑनलाइन वोटिंग की प्रक्रिया शुरू होने के साथ सरगर्मियां भी तेज हो गईं। रायसेन में भी में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सोलंकी सहित कई दावेदार चुनाव मैदान में हैं। जबकि चारों विधानसभा अध्यक्ष और 7 ब्लॉक अध्यक्ष के लिए भी चुनाव हो रहे हैं। बताया गया है कि यूथ कांग्रेस के चुनाव के लिए एक माह से नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन चल रही थी, अब गत 20 जून से 19 जुलाई तक वोटिंग और सदस्यता अभियान चलेगा। 18 से 35 साल के युवा ऐप के माध्यम से कांग्रेस की सदस्यता लेने के साथ अपने नेता का चयन भी करेंगे।*

## खबर संक्षेप

### नशामुक्ति के लिए हुई मैराथन दौड़ आयोजित

**रायसेन।** जिले में चलाए जा रहे नशामुक्त भारत अभियान तथा 24 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अंतर्गत नशे के विरूद्ध जनजागरूकता लाने के लिए मंगलवार को भोजपुर में जागरूकता मैराथन का आयोजन किया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग रायसेन द्वारा आयोजित यह मैराथन भोजपुर मंदिर से प्रारंभ होकर भोजपुर बेतवा ब्रिज, होटल शिव शक्ति के सामने से पिपलिया गांव मोड से सीधे पिपलिया गांव से होते हुए सतलापुर रोड गुरुकुल स्कूल के पास समाप्त हुई। मैराथन दौड़ में 200 बच्चों ने भाग लिया।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

**रायसेन।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा लोगों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। वहीं शहर के हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे रह रहे लोगों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर सड़क समस्या ठीक कराने गुहार लगाई है। रहवासियों ने बताया कि हमारा रास्ता ऊबड़ खाबड़ भरा है। बारिश हो जाने से रास्ता दलदल नुमा हो गया है। नाली के अभाव में पानी भी भर गया है। उन्होंने कलेक्टर से सड़क समस्या ठीक करने का आग्रह किया है।

## सड़क में जगह-जगह गड्ढे, 5 साल की गारंटी वाली सड़क से बारिश में हो रही है परेशानी

# फोर लेन सड़क की हालत बद से बदतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

आमापानी कॉलोनी से बजरंग चौराहा तक 12 कराड़ से अधिक की राषि से निर्मित 4 लेन सड़क वर्तमान में गडढो में तब्दील हो गई है। जो कि आवागमन मे परेशानी का कारण बन रही है।

हालत यह है कि फोरलेन में जगह जगह दो-दो फीट के गड्ढे हो गए हैं। इसके चलते वाहन चालक अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं। आमापानी कॉलोनी से बजरंग चौराहा तक 2 किमी की सड़क का निर्माण गुणवत्त हीन किया जाना बताया जा रहा है।



नागरिकों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट कार्य में सड़क के साथ नालियां, डिवाइडर, पुल भी शामिल थे। डिवाइडर और नालियां भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। निर्माण एजेंसी ने गुणवत्ता को दरकिनार कर समय सीमा निकालने के बाद बनाकर तैयार किया वह भी इतना घटिया कि निर्माण के बाद ही जगह- जगह से उखड़ने लगा है।

यहां से सफर कर रहे अमित कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों को आपत्ति दर्ज कराना चाहिए था। गड्डों में वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसी मार्ग पर बसों का आनाजाना होता है और सड़क खराब होने से आए दिन बस दुर्घटनाएं हो रही हैं। नागरिकों ने सुधार कराने की मांग की है।

# आसमान पर छाया बादलों का डेरा, बारिश के नाम पर सिर्फ फुहारों से भींगी खेत व सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

◆ *जोरदार बारिश की उम्मीद, शुरू होगा धान रोपाई का कार्य*

बदला मौसम क्षेत्रवासियों को सिर्फ बारिश का मौसम शुरू होने का अहसास करा रहा है। पिछले दिनों में कुछ घंटो हुई जोरदार बारिश के बाद चहुंओर भारी नमी, खेतों, सड़कों पर कीचड़ दिखाई दे रही है। तापमान में भारी गिरावट के साथ हवाओं में ठंडक घुल जाने से गर्मी, उमस तो गायब हो गई है।

पिछले 3 दिनों से आसमान में घने वर्षा बादलों का डेरा है। इसी कारण सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे है। कभी रिमझिम तो कभी फोहारों वाली स्थिति से खेतो की जमीन, सड़के, मकानों की छतें गीली जरूर बनी रहती है। परंतु जिस प्रकार की जोरदार बारिश की क्षेत्र के निवासियों, किसानों को उम्मीद बनी हुई है। जोरदार बारिश धान की क्यारियों (गढ़ो) में भरपूर पानी भर जाने के बाद ही क्षेत्र में धान रोपाई का कार्य शुरू हो पाएगा।



### बढ़ेगा मोटी धान का रकबा

*क्षेत्र में किसानों द्वारा मुख्य रूप से बासमती धान की खेती कर लाखों क्विंटल धान का उत्पादन किया जाता है। बासमती धान में रोग और लागत अधिक लगने के साथ भाव नहीं मिल पाने से किसानों को आर्थिक नुकसान की स्थिति बनती है। इसी कारण कम लागत और समर्थन मूल्य पर बिकने वाली मोटे किस्म की धान की खेती के प्रति किसानों में रूझान बढ रहा है। इस वर्ष मोटी धान का रकबा बढ़ने की उम्मीद है।*

# बिजली कटौती और अवैध शराब को लेकर सड़क पर उतरीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के गैरतगंज अंतर्गत ग्राम आलमपुर की महिलाओं ने मंगलवार को बिजली कटौती और अवैध शराब बिक्री के विरोध में भोपाल-सागर राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे और नाराज महिलाओं को समझाइश दी।

महिलाओं ने बताया कि पिछले 15 दिनों से उनके घरों में बिजली नहीं है। साथ ही गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है।

प्रभारी तहसीलदार विशाखा चौहान और थाना प्रभारी डीपी लोहिया मौके पर पहुंचे।



बिजली विभाग के जेई शैलेष पटेल ने बताया कि बिल जमा न होने के कारण बिजली काटी गई थी। ग्रामीणों ने समय सीमा में बिल जमा करने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद एक घंटे तक चला चक्काजाम समाप्त हुआ।

# शर्मा होंगे दीवानगंज चौकी प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

मंगलवार को एएसआई सुनील शर्मा ने दीवानगंज चौकी प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद चौकी प्रभारी के सभी पुलिस कर्मियों से औपचारिक जान-पहचान की इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों से चौकी के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों की जानकारी ली और चर्चा की गई।

नवागत चौकी प्रभारी ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसना व अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर अमन चैन कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। सरकार के मिशन को इमानदारी से लागू कराना होगा।

गौरतलब हो कि 4 महीने पहले ही चौकी प्रभारी एएसआई आरएस दांगी की तबीयत खराब हो जाने के कारण दीवानगंज चौकी का प्रभार वरुण सक्सेना ने संभाला था। लेकिन उनका भी 4 महीने में ही तबादला मंडीदीप हो गया है। उन्हीं की जगह पर नए चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने कार्यभार संभाला है।



चौकी का कार्यभार संभालने पर सेमरा के सरपंच भानु लोधी, ओमप्रकाश लोधी, महेंद्र लोधी, विनोद लोधी, विक्रम पटेल, मुकेश साहू, मुकेश लोधी, दिलीप यादव, सूरज वर्मा, राजू चौहान, सुनील लोधी सहित कई ग्रामीणों ने फूल माला पहनकर स्वागत किया।

# साइको सैयां की आराम बाग होटल में चल रही शूटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

वेब सीरीज साइको सैयां की शूटिंग सलामतपुर के आरामबाग होटल में चल रही है। इसमें रवि किशन शुक्ला, तेजस्वी प्रकाश, अनुद सिंह ढाका, अश्विनी कैलाश कर और जगत रावत प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कलाकारों ने होटल में विभिन्न दृश्यों की शूटिंग की है। सुजय घोष निदेशक और सचिन शर्मा निर्माता की भूमिका में हैं।

### विलेन के रोल में रवि

एमेज़ॉन प्राइम पर रिलीज होने वाली वेबसीरीज़ साइको सैंया की शूटिंग पिछले तीन दिन से चल रही है। यहां पर होटल को गैंगस्टर रवि किशन का घर बनाया गया है। जिसके शॉट लिए जा रहे हैं। रवि किशन की सुरक्षा में सलामतपुर पुलिस के जवान भी पूरे समय मुस्तेद हैं। रवि किशन सांची के पास एक निजी होटल में रुके हुए हैं।



# पंच कल्याणक महोत्सव के प्रति उत्साह, विश्व शांति यज्ञ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

22 जून से मुनि सुब्रतनाथ जिनालय प्रांगण में विशाल डोम लगा कर पंच कल्याणक महा महोत्सव जारी है। जैन समाज के परिवारों, नर नारियों, युवाओ में पंच कल्याणक महोत्सव के प्रति भारी उत्साह बना हुआ है। सुबह से रात्रि तक नव निर्मित जैन मंदिर में विभिन्न धार्मिक क्रियाओं में जैन समाज के लोगो की भारी उपस्थिति हो रही है। पंच कल्याणक और विश्व शांति महायज्ञ के साथ पू. जैन मुनि अक्षय सागर महाराज के प्रतिदिन प्रवचन भी चल रहे है।

नव निर्मित मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ। रात्रि में महापात्रों के द्वारा भगवान की गर्भ कल्याणक की क्रियाओं का नाटक के द्वारा मंचन किया गया।

### पात्रों ने किया गर्भ कल्याणक का नाटक मंचन



### हृदय में सत्य तो सत्य समझ सकता है

*सोलह प्रकार की शुद्धि पूजा पाठ, अभिषेक, आहार इत्यादि पर ध्यान देना जरूरी है। मुनि अक्षय सागर महाराज ने कहा कि जिसके हृदय में सत्य होता है, वही सत्य धर्म को समझ सकता है। बिना सत्य के व्यक्ति धर्म को नहीं समझ सकता। धर्म कार्य में श्रद्धा होने पर ही सुख और शांति मिलती है, आत्म अनुशासन के साथ धर्म मार्ग पर आगे बढा जा सकता है। गर्भ कल्याणक यज्ञ मंडल विधान में जैन समाज के परिवारों द्वारा अर्ध्य चढ़ाए गए।*


## तांत्रिक क्रियाओं के लिए देवी की होगी कठिन साधना

# 26 जून से शुरू होगी गुप्त नवरात्र, 10 विद्याओं की होगी आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

आषाढ़ गुप्त नवरात्रि पर्व 26 जून से प्रारंभ होगें। 26 जून को कलश स्थापना होगी और 4 जुलाई को नवरात्रि समाप्त होंगे। गुप्त नवरात्रि के इस मौके पर 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है। इस बार आषाढ़ गुप्त नवरात्रि पर ध्रुव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा।

ध्रुव योग योग 26 जून को शुरू होगा और अगले दिन 27 जून को सुबह 5. 37 मिनट तक रहेगा। इस बार गुप्त नवरात्रि पर कलश स्थापना के लिए एक घंटा 32 मिनट का समय मिल रहा है। बता दें कि गुप्त नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि के दिन कलश स्थापना होती है। आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 25 जून को शाम को 4 बजे से लग रही है और 26 जून को दोपहर 1.24 बजे तक लगेगी। उदया तिथि के अनुसार प्रतिपदा 26 को रहेगी, इसलिए गुप्त नवरात्रि 26 जून से शुरू होगें। कलश स्थापना के लिए अभीजीत मुहूर्त सुबह 10.58 मिनट से 11. 53 मिनट तक रहेगा।



### कलश स्थापना मुहूर्त -

पंडित भूपेंद्र शास्त्री नगर खेरापति ने बताया कि कलश स्थापना नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि के दिन की जाती है, यह नवरात्रि की शुरुआत का प्रतीक है। मुहूर्त में कलश स्थापना कर सकते हैं। मिथुन लग्न शुरू, सुबह 4.33 बजे, 26 जून मिथुन लग्न समाप्त सुबह 6.05 बजे।

### गुप्त नवरात्रि का महत्व -

गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की पूजा आध्यात्मिक साधक और तांत्रिक करते हैं। यह नवरात्रि गहन साधनाओं और अनुष्ठानों के लिए समर्पित है, जिसमें दस महाविद्याओं काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, कमला की अराधना की जाती है। गुप्त नवरात्र का पर्व सनातन धर्म में बहुत शुभ माना जाता है जो मां दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है। इस दौरान देवी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और रोग दोष दूर होते हैं। सनातन धर्म में नवरात्र का पर्व बहुत शुभ माना जाता है। यह मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए समर्पित है। गुप्त नवरात्र को तंत्र-मंत्र और गुप्त सिद्धियों के लिए विशेष माना जाता है। इस दौरान देवी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कहते हैं कि इस दौरान कठिन उपवास करने से सभी तरह के रोग-दोष दूर होते हैं।

26 जून कलश स्थापना मुहूर्त- सुबह 4.33 प्रातः 6.05 अभिजीत मुहूर्त सुबह 10.58 बजे से सुबह 11.53 बजे तक रहेगा। ध्रुव योग रात 11.40 तक, सर्वार्थ सिद्धि योग 26 जून को सुबह 8.46 बजे से 27 जून को सुबह 5.35 बजे तक।

### गुप्त नवरात्र में इन बातों का रखें ध्यान

इन नौ दिनों में मांसाहार, प्याज, लहसुन और अन्य तामसिक भोजन का सेवन बिल्कुल न करें। नवरात्र के दौरान बाल और नाखून काटने से बचें। चमड़े से बनी वस्तुओं जैसे बेल्ट,पर्स आदि का प्रयोग न करें। घर में शांति और सकारात्मक माहौल बनाए रखें।

लड़ाई- झगड़े, बहस और अपशब्दों का प्रयोग बिल्कुल न करें। व्रती दिन में सोने से बचें। मन में किसी के प्रति बुरे विचार न लाएं। इन नौ दिनों में ब्रह्मचर्य का पालन करें। देवी की पूजा पूरे विधि- विधान से करें। पूजा सामग्री और विधि में किसी भी तरह की कमी न छोड़ें। स्त्री का अपमान भूलकर भी न करें।